'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 48 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शुक्रवार, 03 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

वरुण मुलाना का नामांकन करवाने पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौ. उदयभान

# कांग्रेस सरकार बनने पर अंबाला में होगा आईएमटी का निर्माण : हुड्डा

**ये सिर्फ लोकसभा चुनाव नहीं है बल्कि संविधान को बचाने की लड़ाई- हुड्डा**

**बीजेपी के विरुद्ध लड़ने के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र है सबसे बड़ा हथियार : चौधरी उदयभान**

**जहां-जहां कांग्रेस का घोषणापत्र पहुंचेगा, बीजेपी का सफाया होता जाएगा : चौधरी उदयभान**

**कांग्रेस जो कहती है वो करती है, 5 न्याय और 25 गारंटी को पूरा करेगी कांग्रेस- वरुण मुलाना**

**संविधान को बदलने की बात करने वाली सरकार को ही बदल डालेगी जानता- वरुण मुलाना**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** कांग्रेस की सरकार बनने पर अंबाला में उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए आईएमटी का निर्माण किया जाएगा। यह ऐलान किया है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने। हुड्डा आज हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान के साथ अंबाला से कांग्रेस उम्मीदवार वरुण मुलाना का नामांकन करवाने पहुंचे थे। इस मौके पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व विधायक भी मौजूद रहे।

नामांकन से पहले आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह सिर्फ लोकसभा चुनाव नहीं है बल्कि देश के संविधान को बचाने की लड़ाई है। इसीलिए विपक्षी दलों ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन बनाया है। हरियाणा में यह गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहा है और 36 बिरादरी बीजेपी को मात देकर इंडिया गठबंधन को जीतने जा रही है। यह जीत केंद्र के साथ हरियाणा में भी कांग्रेस सरकार की नींव रखेगी। कांग्रेस सरकार बनने पर केंद्र में 30 लाख तो हरियाणा में 2 लाख से ज्यादा युवाओं को बिना पेपर लीक योग्यानुसार पक्की सरकारी नौकरी मिलेगी। साथ ही किसानों को एमएसपी की गारंटी और कर्ज से मुक्ति दी जाएगी। प्रदेश के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम और बुजुर्गों को 6000 बुढ़ापा पेंशन मिलेगी। प्रदेश में 300 युनिट मुफ्त बिजली और 500 रुपये में गैस सिलेंडर देना भी कांग्रेस का वादा है। कांग्रेस के घोषणापत्र में महिलाओं को नौकरियों में 50% आरक्षण और सालाना 1 लाख रुपया देने का भी वादा किया गया है।

चौधरी उदयभान ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने बीजेपी के विरुद्ध लड़ने के लिए घोषणापत्र के रूप में सबसे बड़ा हथियार हमें सौंपा है। जहां-जहां कांग्रेस का घोषणापत्र पहुंचेगा, वहां से बीजेपी का सफाया होता जाएगा। यह घोषणापत्र गांधी, नेहरू और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सपने को पूरा करने वाला दस्तावेज है। क्योंकि कांग्रेस की 25 गारंटी हर वर्ग के लिए भागीदारी व न्याय सुनिश्चित करती हैं। चौधरी उदयभान ने कहा कि वरुण मुलाना के रूप में पार्टी ने अंबाला से एक बेहद ही जुझारू, शिक्षित और संघर्षशील युवा को चुनाव में उतारा है। विधायक के तौर पर उनका प्रदर्शन इतना शानदार रहा है। विपक्ष में होते हुए भी उन्हें सर्वश्रेष्ठ विधायक चुना गया है। अगर ऐसा उम्मीदवार लोकसभा में अंबाला का प्रतिनिधित्व करेगा तो निश्चित ही संसद में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा।

इस मौके पर वरुण मुलाना ने 'हाथ बदलेगा हालात' और 'लड़ेंगे-जीतेंगे' नारे के साथ समर्थकों का उत्साह बढ़ाया और उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरफ से 5 न्याय और 25 गारंटी की बात की गई है। कांग्रेस जो कहती है, उसे पूरा करती है। जबकि भाजपा वादे और दावे तो बड़े-बड़े करती है लेकिन काम छोटा भी नहीं करती। किसानों पर लाठी-गोली बरसाने और बेरोजगारी के चलते युवाओं को देश छोड़ने के लिए मजबूर करने वाली बीजेपी को जनता सत्ता छोड़ने के लिए मजबूर कर देगी। जनता संविधान को बदलने की बात करने वाली सरकार को ही बदल डालेगी।

# कमल यादव बने राव इंद्रजीत सिंह के प्रस्तावक



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** भाजपा के जिला अध्यक्ष कमल यादव ने गुरुवार को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के प्रस्तावक के रूप में नामांकन किया है। कमल यादव ने निर्वाचन कार्यालय जाकर लोकसभा चुनाव अधिकारी निशांत कुमार यादव को नामांकन की दूसरी प्रतियां सौंपी।

नामांकन के बाद कमल यादव ने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा सहित पूरे हरियाणा में माहौल भाजपा के पक्ष में है। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र की जनता राव इंद्रजीत सिंह को इस बार पूरे देश में सबसे ज्यादा मत देकर विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता राव इंद्रजीत सिंह को प्रचंड बहुमत से जिताने के लिए घर-घर जाकर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं और मोदी सरकार की नीतियां बता रहे हैं।

कमल यादव ने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए मोदी सरकार ने अनेकों काम किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की जनता 25 मई को कमल का बटन दबाकर पीएम मोदी के संकल्प को साकार करेगी।

## चुनाव का पर्व-देश का गर्व, हरियाणा में 25 मई को होगा मतदान : अनुराग अग्रवाल

समाचार गेट ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य परिवहन की विभिन्न जिलों के डिपो से निकलने वाली बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने के प्रति जागरूक कर रही हैं। उन्होंने बताया लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने के लिए विभिन्न बस स्टैंडों से विभिन्न रूटों पर चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बसों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग व हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणा रोडवेज की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, बैनर व पोस्टर चस्पा करवाए गए हैं। श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि इन पोस्टरों में आम जनता से 'छुट्टी का दिन समझकर घर पर आराम न फरमाइए-मतदान केंद्र पर मतदान करने आइए', 'लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर- उंगली पर नीली लकीर ' जैसे जागरूकता स्लोगन व टैगलाइन के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है। बसों पर लगी प्रचार-सामग्री के माध्यम से मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 की भी जानकारी दी जा रही है।

## विश्व में भारत का मान मोदी ने बढ़ाया : आरती राव



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** 2 हजार करोड़ की लागत से बनाए गए सोहना - गुरुग्राम एलिवेटेड रोड से सोहना का सफर अब मिनटों का हो गया है। यह राव इंद्रजीत सिंह की सोच और केंद्र सरकार के सहयोग का ही परिणाम है। यह विचार गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की बेटी जो भाजपा ने नेत्री आरती राव ने सोहना विधानसभा के गांवों का दौरा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति और देश को विकसित बनाने के लिए प्रधानमंत्री को नरेंद्र मोदी को बनाना आवश्यक है। आज विश्व में भारत का मान मोदी ने बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में जीडीपी साढ़े छह प्रतिशत बढ़ी है। विदेशों में भारत की साख बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सपना भी दिखाया है। आजादी के 100 साल पूरे होने अर्थात 2047 में विकसित देश बनाने का। भाजपा नेत्री ने कहा कि मोदी को अगले पांच साल और चाहिए, ताकि वे आमजन के सपनों का भारत बनाने की दिशा में काम कर सके। उन्होंने कहा कि डेडीकेटिड फ्रेट कारिडोर इस क्षेत्र के लिए रोजगार के अवसर लेकर आएगा।

उन्होंने कहा कि ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर से इस क्षेत्र का जुड़ाव पलवल और सोनीपत से सीधा हो जाएगा। 2 हजार करोड़ इलाके से सोहना एलिवेटेड रोड केंद्र सरकार की ओर से बनाया गया है। 1 लाख करोड़ की लागत से मुंबई एक्सप्रेसवे बनाया गया है।

# कांग्रेस झूठी घोषणाएं करती है, हम संकल्प के साथ विकास करते हैं : नायब सैनी

**देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए फिर से मोदी सरकार चुनें : नायब सैनी**

**करनाल सूर्य मंदिर के 22वें स्थापना दिवस पर सीएम नायब सैनी ने पूजा अर्चना कर मानवता के कल्याण की कामना की**



समाचार गेट ब्यूरो

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सैनी गुरुवार सुबह सूर्य मंदिर के 22वें स्थापना दिवस समारोह में करनाल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर मानवता के कल्याण की कामना की। छठ पर्व सेवा समिति मंडल के प्रधान सुरेश कुमार यादव व अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने मुख्यमंत्री को फूलमालाओं से स्वागत किया और स्मृति चिह्न के रूप में भगवान सूर्य का स्वरूप भेंट किया। सीएम ने सेवा समिति मंडल द्वारा रखी गई मांगों को चुनावों के बाद पूरा कराने का आश्वासन दिया।

मंडल की धर्मशाला में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई, वहीं कांग्रेस को भी जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ घोषणा पत्र जारी किए हैं, किसी भी घोषणा को पूरा नहीं किया। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार का बोलबाला था जिस कारण लोगों को प्रताड़ना झेलनी पड़ती थी। श्री सैनी ने कहा कि 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने जो वादे किए उन्हें संकल्प के साथ पूरा किया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए एक बार फिर मोदी सरकार को चुनें।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक मिले। सीएम सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जिस तरह से देश और प्रदेश का विकास हो रहा है वह जारी रहेगा और भाजपा सरकार में विकास की गति नहीं रूकेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश की सेवा की अब सांसद बनकर भी वह जनता की सेवा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा के चुनाव का दौर चल रहा है। हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि 25 मई को दो मशीनों में कमल के फूल का बटन दबाकर एक कमल को लोकसभा में दिल्ली भेजना है और दूसरे कमल को चंडीगढ़ भेजना है।

**कांग्रेस नेताओं के मुंह से भ्रष्टाचार की बू आती है : नायब सैनी**

समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी पूर्व सीएम हुड्डा के बयान पूछे गए सवाल पर तंज कसते हुए कहा कि हुड्डा साहब मान रहे हैं कि कांग्रेस मुकाबला में है तो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा पिछले चुनावों में भी मान रहे थे और 10 की 10 सीटों पर कांग्रेस साफ हो गई। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास कांग्रेस से खत्म हो चुका है। कांग्रेस के समय में नौकरियां मंत्रियों के चक्कर काटने और पर्ची तथा खर्ची से मिलती थी। कांग्रेस झूठी घोषणाएं करती है, उन घोषणाओं को पूरा कभी नहीं करती। कांग्रेस 24 घंटे बिजली देने के वादे कई बार चुकी, लेकिन 24 घंटे बिजली भाजपा सरकार ने दी। हुड्डा के पोर्टल बंद करने के सवाल पर बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के मुंह से भ्रष्टाचार की बू आती है। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार को जन्म देने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि आज आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, बीपीएल कार्ड घर बैठे बन रहे हैं। डबल इंजन सरकार सभी सुविधाएं प्रदेशवासियों को दे रही है।

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब, किसान, कर्मचारी और महिला कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं लागू की गई। जिनका पूरा लाभ हर व्यक्ति को मिला है। युवाओं को रोजगार दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिससे देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ। उन्होंने कहा कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास करती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व मीडिया कॉरडीनेटर मुख्यमंत्री हरियाणा जगमोहन आनंद, पूर्व मेयर नगर निगम रेणू बाला, अमरेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद भगवान दास अघी, जिला मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार, मंडल अध्यक्ष अमर ठक्कर, एडवोकेट विजय पाल सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के बारहवी के 20 विद्यार्थियों ने बनाई मेरिट

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, रेवाड़ी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।

कक्षा बारहवी की वार्षिक परीक्षा मार्च-2024 के परिणाम में मैरिट में आने वाले 20 विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह खनगवाल ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य हरिकिशन यादव ने बताया कि छात्रा मुस्कान ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान, भावना ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में द्वितीय स्थान व छात्रा रीना अहिरवार ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा विद्यालय के विद्यार्थी कोमल शर्मा, उर्वशी, कल्पना, दीपा, भूमि सिवान, जया, मुस्कान, मुस्कान सोनी, चेताली अग्रवाल, देवांश, हिमांशी, हर्षिता, प्रियांशु, मांशी, सोनिया, आशुतोष, व स्नेहा ने मेधा सूची में नाम दर्ज करवाया।

जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह खनगवाल ने मैरिट में आने वाले सभी विधार्थियों को व स्कूल के स्टाफ सदस्यों को उनके श्रेष्ठ प्रयास के लिए बधाई दी। प्रधान रत्नेश बंसल ने जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह खनगवाल को स्मृति चिन्ह भेंट करके उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रबंन्धकारिणी के उपप्रधान जितेन्द्र जिंदल, सचिव राजेन्द्र सिंहल, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार मालदेव वाले, सहसचिव पुरुषोत्तम दास डहीना वाले, बृजलाल गोयल, बाबू मान सिंह गुप्ता, रिपुदमन गुप्ता, प्रो. ओ.पी. अग्रवाल, मुकेश भट्टे वाले, दीपक पाल्हावासिया, गिरिशकांत सिंगला, राकेश गुप्ता एडवोकेट, रतनलाल गोयल, सुरेश अग्रवाल, रवि गुप्ता, नरेश अग्रवाल, दिनेश गोयल दिनको वाले, सी.ए. अजय ऐरन, पवन गुप्ता, संदीप गोयल, सुरेन्द्र अग्रवाल, बनवारी अग्रवाल शेयर वाले, नरेश मित्तल, अजय गोटा वाला, राजीव अग्रवाल एडवोकेट, पत्रकार बी.डी. अग्रवाल व सभी स्टाफ मौजूद रहे।

# बावल में लघु उद्योग भारती की नई शाखा का गठन, मजदूर दिवस पर जनता के लिए पानी कूलर किया समर्पण



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** बावल क्षेत्र में लघु उद्योग भारती के नये शाखा का गठन किया गया व रोहित सचदेवा को बावल क्षेत्र का नवनिर्वाचित संयोजक नियुक्त किया गया। श्री सचदेवा जल्द ही अपने बावल क्षेत्र की टीम का गठन करेंगे।

इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने स्थानीय व्यापारिक व औद्योगिक समुदाय के लिए एक नई दिशा का संकल्प लिया। उन्होंने इस संयम को अधिक बल देने के लिए बावल और रेवाड़ी की टीमों ने मिंडा कट के इंडस्ट्रियल क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए पानी कूलर की व्यवस्था न्यूजेन इंडस्ट्रीज मे की व संगठन ने इस कार्य का समन्वयक शुभम अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अंकित अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। यह पहल एक सशक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान करेगी, जिसमें सभी नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर लघु उद्योग भारती के रेवाड़ी जिला अध्यक्ष संजय डाटा और नवनिर्वाचित बावल क्षेत्र के लघु उद्योग भारती के क्षेत्रीय संयोजक रोहित सचदेवा, प्रांजल डाटा और आदित्य डाटा उपस्थित रहे। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए समर्पित आत्मा से सेवा की। इस पहल के माध्यम से समुदाय को एक मजबूत संदेश मिला है कि साथ मिलकर हम समृद्धि और सहयोग से एक बेहतर समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

# रेवाड़ी पुलिस द्वारा अवैध हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से 01 अवैध देशी पिस्टल बरामद।



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** अपराध शाखा-I रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया कि दिनांक 01.05.24 को सूचना मिली कि राहुल उर्फ सीडी निवासी भाकली जिसके पास अवैध हथियार है। जो वह अभी बीकानेर कट गांव गंगायचा अहीर के पास किसी के इंतजार में खड़ा हुआ है। जिस सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राहुल उर्फ सीडी निवासी भाकली बतलाया। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर रेवाड़ी में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जांचकर्ता ने बताया की गहनता से पूछताछ करने पर, आरोपी राहुल उर्फ सीडी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 12 अप्रैल को गांव माण्डैया खुर्द में एक ऑफिस में तोड़फोड़ करने की वारदात को भी स्वीकार किया है। जो उक्त वारदात बारे थाना सदर में आर्शिवाद निवासी गांव माण्डैया खुर्द की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

# वायुसेना के विंग कमांडर ने स्वतंत्रता सेनानी आरडी सोमाणी की जयंती पर हवन में लिया भाग

## विद्यार्थियों को एयर फोर्स में भर्ती होने के लिए किया प्रेरित






समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** स्वतंत्रता सेनानी आर डी सोमाणी की जयंती एवं मजदूर दिवस पर सोमाणी कॉलेज में भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर रवि बाजिया व उनकी टीम ने आर डी सोमाणी की मूर्ति पर माला अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं हवन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी आर डी सोमाणी ने सन 1945 में खोल गांव में हाई स्कूल की स्थापना की जिसका संचालन स्वतंत्रता सेनानी आर डी सोमाणी जी ने 1972 तक किया जो कि अब पंजाब राज्य का मॉडल बना। देश हित के कार्य में उन्होंने जो ज्योति जलाई उस ज्योति को जन नेता विजय सोमाणी ने सन 2000 में सोमाणी कॉलेज खोलकर इलाके को समर्पित किया। यहां से पास हुए विद्यार्थी विभिन्न प्रांतो में नौकरी कर रहे हैं। हवन का संचालन अधिवक्ता परिवर्तन सोमाणी ने किया। उनके साथ कॉलेज की टीम एवं एयरफोर्स की टीम उपस्थित रही। भारतीय वायु सेना के दिशा सेल जो की वायु सेना का आधिकारिक प्रकोष्ठ है के अंतर्गत व्याख्यान और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना के विग कमांडर रवि बाजिया एवं अन्य अधिकारियों ने सोमाणी कॉलेज के बी.टेक, एम.टेक, बी.बी. ए और एम.बी.ए के विद्यार्थियों से संवाद किया और उनको आइ ए एफ में करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन कर प्रोत्साहित किया। विंग कमांडर ने बताया कि वे स्वयं भी इंजीनियरिंग ग्रेजुएट हैं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को वीडियो एंड फोटोग्राफ्स दिखा कर वायु सेना संबंधित प्रश्न पूछे और सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मोबाइल प्रचार बस में वायु सेना से जुड़े विविध कार्यक्रमों को जिसमें फाइटर प्लेन सिम्युलेटर भी सम्मिलित हैं प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों और स्टाफ ने सिम्युलेटर के माध्यम से जहाजो को दाएं बाएं ऊपर नीचे इत्यादि गतिविधियों का संचालन किया। इस अवसर पर सोमाणी कॉलेज की तरफ से अधिवक्ता परिवर्तन सोमाणी, डीन डॉक्टर जितेंद्र खत्री एवं अन्य स्टाफ ने वायु सेना अधिकारियों को स्मृति चिन्ह एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया। अधिवक्ता परिवर्तन सोमाणी ने भारतीय वायु सेना के योगदान की सराहना की।

# टी20 वर्ल्ड कप में सेलेक्ट में होते ही धराशायी हुए ये खिलाडी



समाचार गेट/भावना कौशिश

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए खिलाड़ियों का नाम घोषित कर दिया है, लेकिन इस टीम में आते ही आईपीएल के कई स्टार खलिाड़ी गर्दिश में दिख रहे हैं। इस लस्टि में रोहित, हार्दिक पांड्या, जडेजा, दुबे समेत कुछ अन्य खिलाडी भी शामिल है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडयिा का ऐलान 30 अप्रैल को हुआ। इसमें 15 सदस्य चुने गए।

टीम सेलेक्शन के बाद से आईपीएल के 2 मैच हो चुके है। लेकिन इन मैचों में आईपीएल में चुने गए खिलाड़ियों का प्रदर्शन कुछ अच्छा नहीं रहा। इसमें टी20 वर्ल्ड कप के कप्तान रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या भी शामिल है। 30 अप्रैल को भारतीय टीम की घोषणा हुई, उस दिन लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडयिंस का मैच था. इस मैच को लखनऊ ने 4 विकेट से 4 गेंदें शेष रहते अपने नाम किया। मैच में पहले खेलते हुए मुंबई ने 144 रनों का स्कोर बनाया। रोहित इस मैच में 5 गेंदों पर 4 रन बनाकर मोहसनि खान की गेंद पर आउट हो गए। वहीं, सूर्यकुमार भी 6 गेंदों पर 10 रन बनाने के बाद स्टोइनसि की गेंद पर आउट हो गए। जसप्रीत बुमराह को वकिट नहीं मलिा, पर उन्होंने अपने 4 ओवर्स में महज 17 रन दए। लखनऊ सुपर जायंट्स से कोई भी खलिाड़ी टीम इंडयिा में सेलेक्ट नहीं हुआ।

# आईपीएल में पंजाब ने बिगड़ा चेन्नई का खेल



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने IPL-2024 के 49वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हराया। यह इस लीग में पंजाब की चेन्नई पर लगातार 5वीं जीत है। टीम ने मौजूदा सीजन में पहली बार लगातार दूसरा मैच जीता है। इस जीत के साथ पंजाब ने प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम 2 अंक लेकर 7वें नंबर पर आ गई है। पंजाब के पास 4 जीत के बाद कुल 8 अंक हो गए हैं चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में बुधवार को पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 162 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 17.5 ओवर में 3 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। हरप्रीत बरार प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने अपने कोटे के 17 रन देकर 2 विकेट लिए। एमएस धोनी मौजूदा सीजन में पहली बार आउट हुए हैं। वे पिछली 7 पारियों में नाबाद रहे। ह्रत्रस्य के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने 48 बॉल पर 62 रन बनाए। उन्होंने सीजन में चौथा अर्धशतक जमाया। गायकवाड के अलावा, अजिंक्य रहाणे ने 29 और समीर रिजवी ने 21 रन का योगदान दिया। हरप्रीत बरार और राहुल चाहर ने 2-2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह को एक-एक विकेट मिला। PBKS के ओपनर जॉनी बेयरस्टो ने 46 और राइली रूसो ने 43 रन की अहम पारियां खेलीं। कप्तान सैम करन 26 और शशांक सिंह 25 रन पर नाबाद लौटे। शार्दूल ठाकुर, रिचर्ड ग्लीसन और शिवम दुबे को एक-एक विकेट मिला। चेन्नई ने मिडिल ओवर्स में स्लो-बैटिंग की। टीम के बल्लेबाजों ने बीच के 8 ओवर्स में 3 विकेट खोकर महज 35 रन बना सके। शिवम दुबे शून्य पर आउट हुए। बीच के 9 ओवर्स कोई बाउंड्री नहीं आई। पावरप्ले के बाद टीम की ओर से पहली बाउंड्री 56 गेंद बाद आई। 16वें ओवर की तीसरी बॉल पर ऋतुराज गायकवाड ने छक्का लगाया। पंजाब की पारी के 14वें ओवर की तीसरी बॉल पर डेरिल मिचेल से शशांक सिंह का कैच छूट गया। तब वे 12 रन पर खेल रहे थे। यहां विकेट मिलने पर दबाव बनाया जा सकता था। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरे ऋतुराज गायकवाड और अजिंक्य रहाणे ने चेन्नई को मजबूत शुरुआत दी। दोनों ने 50 बॉल पर 64 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। गायकवाड ने समीर रिजवी के साथ 37 और मोइन अली के साथ 38 रन जोड़े।

# पाकिस्तान ने किया अपनी क्रिकेट टीम का ऐलान



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम बाद में घोषित की जाएगी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 करीब है। इसके लिए सभी टीमें अपने अपने स्क्वाड का ऐलान कर रही हैं।

बीसीसीआई की ओर से भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। हालांकि पाकिस्तान ने अपनी टीम टी20 विश्व कप के लिए नहीं बताई है, लेकिन उसने आयरलैंड और इंग्लैंड सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। टीम में 18 खिलाड़ी चुने गए हैं। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान की टीम टी20 वर्ल्ड कप के लिए बाद में आएगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी ने गुरुवार को टी20 विश्व कप 2024 से पहले इंग्लैंड और आयरलैंड के दौरों के लिए टीम की 18 मैंबर की टीम की घोषणा की। इस टीम के कप्तान बाबर आजम ही रहेंगे। उनके अलावा अबरार अहमद, आजम खान, हारिस रऊफ, सलमान अली आगा, मोहम्मद इरफान खान, उस्मान खान, शाहीन अफरीदी को शामिल किया गया है। पाकिस्तान की टीम आयरलैंड के खिलाफ 10 मई से 14 मई तक टी20 सीरीज खेलेगी। इसके बाद टीम 22 मई से इंग्लैंड का दौरा करेगी, जहां चार टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जाएंगे। माना जा रहा है कि ये सीरीज टी20 विश्व कप 2024 के मद्देनजर तैयारी के लिए होगी।

**आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए पाकिस्तान T20I टीम**

बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसन अली, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, इरफान खान नियाज, नसीम शाह, सईम अय्यूब, सलमान अली आगा, शादाब खान, शाहीन अफरीदी, उस्मान खान

# पाकिस्तान में इस जगह होंगे भारत के मैच



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान की धरती पर होना है। अभी भारतीय टीम का पाकिस्तान जाना तय नहीं हुआ है।

बीसीसीआई ने अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा है। लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीन शहरों कराची, रावलपिंडी और लाहौर को चुना है। फाइनल लाहौर में होगा। टीम इंडिया और पाकिस्तानी टीम दोनों एक-एक बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी हैं।

**इस जगह होंगे भारत के मैच**

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों के लिए पीसीबी ने लाहौर को चुना है। भारत के क्वालीफाइंग मैच भी इसी मैदान पर होंगे। लाहौर भारत की सीमा के करीब है और टीम इंडिया को सफर करने में परेशानी नहीं होगी। भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं इसका फैसला भारत सरकार करेगी। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने भी हाल ही में लाहौर का दौरा किया था जहां उन्होंने पीसीबी के टॉप अधिकारियों के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के इंतजामों पर चर्चा की थी और यह सुझाव दिया गया था कि भारतीय टीम के यात्रा कार्यक्रम को कम से कम रखा जाए।

**साल 2008 से पाकिस्तान नहीं गई है भारतीय टीम**

भारत और पाकिस्तान अभी सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंटों में एक दूसरे के खिलाफ खेल रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने 2008 के बाद से पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला है। पिछले साल भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप के लिए भी पाकिस्तान में अपनी टीम को नहीं भेजा था। इसके बाद हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान और श्रीलंका में मैच आयोजित किए गए थे। फिर पाकिस्तानी टीम वनडे वर्ल्ड कप 2023 में हिस्सा लेने के लिए भारत भी आई थी। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि सभी टीमें तय कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि स्टेडियम के नवीनीकरण का काम जल्द ही शुरू होगा और टूर्नामेंट फरवरी-मार्च 2025 में आयोजित होने की उम्मीद है।

**8 टीमें लेंगी हिस्सा**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 8 टीमें हिस्सा लेंगी। पाकिस्तान ने मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालीफाई कर लिया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें हिस्सा लेंगी। आठ टीमों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप से दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पाकिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी 2017 का खिताब भारत को हराकर जीता था।

# विराट कोहली को पछाड़कर ये खिलाड़ी निकला आगे




**समाचार गेट/दीपिका**

**नई दिल्ली।** आईपीएल में जहां टीमों के बीच संघर्ष चल रहा है, वहीं खिलाड़ी भी एक दूसरे से आगे निकल रहे है। जो खिलाड़ी सबसे ज्यादा रन बनाता है, उसे ऑरेंज कैप दी जाती है, वहीं सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज को पर्पल कैप मिलती है। अब तक आईपीएल मैच में विराट कोहली का दबदबा था । लेकिन अब विराट कोहली को पछाड़कर सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने पहले नंबर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है और विराट कोहली दूसरे नंबर पर आ गए है।

**10 मैचों में ऋतुराज ने बनाए 509 रन**

चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड अब तक आईपीएल में 10 मैच खेलकर 509 रन बना चुके हैं। ऋतुराज के नाम एक शतक और 4 अर्धशतक दर्ज हैं। उन्होंने एक मैच में 108 रनों की नाबाद पारी भी खेली है। अगर गायकवाड के औसत 63.63 का है, वहीं स्ट्राइक रेट 146.68 का है। इस बीच अब विराट कोहली दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, लेकिन वे रनों से ज्यादा पीछे नहीं गए हैं।

**विराट कोहली के नाम 500 रन**

आरसीबी के लिए खेल रहे विराट कोहली ने अब तक इस साल के आईपीएल में 10 मैच खेलकर 500 रन बनाए हैं। उनके नाम एक शतक और 4 अर्धशतक हैं। उनका औसत 71.43 का है और वे 147.49 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने 113 रनों की पारी भी खेली है। ऋतुराज और कोहली के बीच केवल 9 ही रनो का फासला है, जो कभी भी खत्म हो सकता है।

# ऐसी फिल्में जो कभी नहीं हो पाई रिलीज



**समाचार गेट/दीपिका**

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई नई फिल्में बनती है कुछ बहुत बड़ी हिट होती है तो कुछ फ्लॉप। लेकिन कोई भी फिल्म हिट है या फ्लॉप यह उसके रिलीज होने के बाद ही पता चलता है। किसी भी फिल्म को बनाने के लिए एक पूरी टीम मेहनत करती है, और एक फिल्म को बनने में काफी समय लग जाता है। लेकिन अगर एक फिल्म बनने के बाद रिलीज ना हो पाए तो काफी दुख होता है। ऐसी कई मूवीज हैं, जिसे बनने में काफी मेहनत लगी लेकिन किसी न किसी वजह से वो रिलीज नहीं हुई।

**आंखे**

साल 2002 में आई फ्लि्म आंखे को दर्शकों ने काफी पसंद किया और यह फिल्म एक हिट भी साबित हुई। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन , सुष्मिता सेन, अक्षय कुमार, अर्जुन रामपाल और परेश रावल मुख्य भूमिका में रहे । फिल्म के हिट होने के बाद मेकर्स ने इस फिल्म के सीक्वल की अनाउंसमेंट की थी। लेकिन इसके बाद यह मुमकिन नहीं हो पाया।

**कैमिस्ट्री (2011)**

श्रेयस तलपडे के प्रोडक्शन में बनने वाली यह फिल्म भी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई। फिल्म में सोहा अली खान और श्रेयस तलपड़े मेन रोल में थे । इसे रिवॉल्वर रानी के डायरेक्टर साई कबीर ने निर्देशित किया था।

**रश्क**

इस फिल्म में शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन और जूही चावला मुख्य भूमिका में थे। फिल्म बनी लेकिन रिलीज नहीं हो पाई, कारण क्या था, आजतक सामने नहीं आ सका।

**टाइम मशीन**

शेखर कपूर के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म जिसमे रवीना टंडन और अमीर खान को कास्ट किया गया था। इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी लेकिन बजट की समस्या के चलते यह फिल्म भी रिलीज नहीं हो पाई।

**मुन्नाभाई चले अमरीका**

मुन्नाबाई एमबीबीएस और लगे रहो मुन्नाभाई के सुपरहिट होने के बाद विधु विनोद चोपड़ा इसका सीक्वल बनाना चाहते थे, जिसका नाम मुन्नाभाई चले अमरीका रखा गया था। यहां तक कि इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज किया गया था। लेकिन फिल्म की शूटिंग के दौरान संजय दत्त को जेल हो गई और फिल्म की शूटिंग रुक गई। इसके बाद यह फिल्म कभी कंप्लीट होकर रिलीज नहीं हो पाई।

# स्कूल इमरजेंसी के लिए कितने तैयार



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** स्कूलों में आई बम की कॉल एक भले ही झूठी हो, लेकिन ऐसी घटनाओं से सीखने का एक संदेश है। डीडीएमए के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना के बाद कुछ सुधार की आवश्यकता है, क्योंकि कुछ कमियां भी सामने आई हैं। राजधानी में पहले भी अत्यधिक बारिश के कारण स्कूल बंद किए गए हैं, और भूकंप के मामले में भी स्कूलों को तैयार रहने की आवश्यकता है।

**पैरेंट्स स्कूल न पहुंचने पर**

सबसे बड़ा सबक जो इस घटना से मिला है वह यह कि पैरेंट्स स्कूल न पहुंच पाएं तो स्थिति को किस तरह हैंडल किया जाए। अत्यधिक बारिश, पैरेंट्स का ऑफिस से दूर होना, भूकंप का आ जाना ऐसी सिचुएशन में बच्चों को काफी समय तक स्कूल में रखना पड़ सकता है।

**मेडिकल इंतजाम**

ऐसे माहौल में बच्चों को घबराहट में हेल्थ इश्यू होने के चांस अधिक रहते हैं। इसलिए इमरजेंसी हालात के लिए स्कूलों में प्राथमिक जांच के पूरे इंतजाम रखें और पास के अस्पताल के लगातार संपर्क में रहें।

**तैयार हों स्कूल**

स्कूल में अलग-अलग एंट्री एग्जिट हो, स्कूलों में जहां जरूरत हो वहां स्ट्रक्चरल चेंज किए जाएं, सीसीटीवी से स्कूल के हर एरिया को कवर करें, स्कूल के ऐसे हिस्सों की पहचान करें जहां रोशनी कम रहती है या कम लोग आते जाते हैं,, स्कूलों में सेंट्रलाइज्ड अलार्म सिस्टम हो, इमरजेंसी के लिए अलग बेल हो, स्कूल का लेआउट प्लान हैंडी हो।




# कनीना मंडी में सरसों की खरीद बंद, 1.90 लाख क्विंटल सरसों की हुई खरीद

## 15 मई तक होगी गेहूं की खरीद



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना की नयी आनाज मंडी चेलावास में सरसों की खरीद बंद हो गई है। स्टेट वेयर हाउस की ओर से बुधवार को अंतिम दिन खरीद की गई। मंडी में अब तक 1.90 लाख क्विंटल सरसों की खरीद की गई। जिसमें से 2.20 लाख बैग का उठान किया गया। सरसों बेचने के उपरांत किसानों को 5650 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 28 अप्रैल तक का ऑनलाईन भुगतान किया जा चुका है। खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाऊस के अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि खरीदी गई सरसों का उठान कर उसे जींद, रोहतक, पानीपत, धारूहेडा, ईसराना केगोदामों में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि कनीना की पुरानी मंडी में 1.16 लाख बैग गेहूं की खरीद की जा चुकी है जिसमें से 58 हजार बैग का उठान किया गया है। खरीदे गए गेहूं को फूड सप्लाई के महेंद्रगढ स्थित गोदाम के अलावा रेवाडी में लगाए जा रहे रैक में खवाया जाएगा। गेहूं की खरीद 15 मई तक चलेगी। मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक किसानों को गेटपास जारी किए गए। उन्होंने बताया कि सरसों की खरीद बंद होने के बाद गेहूं की खरीद पर फोकस किया जा रहा है। पुरानी मंडी में गेहूं की खरीद की जा रही है।



# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के छात्रों को एक करोड़ की स्कॉलरशिप देगा कॉन्सेंट्रिक्स

**गरीब और दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी एपीजे अब्दुल कलाम कॉन्सेंट्रिक्स स्कॉलरशिप**

**धन के अभाव में किसी विद्यार्थी की पढ़ाई न रुके यही हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य- डॉ. राज नेहरू**



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** कॉन्सेंट्रिक्स कंपनी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को एक करोड़ रुपए की एपीजे अब्दुल कलाम कॉन्सेंट्रिक्स स्कॉलरशिप देगी। इस स्कॉलरशिप के लिए आर्थिक रूप से पिछड़े मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। साथ ही इस स्कॉलरशिप में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष आरक्षण का प्रावधान होगा। इस संबंध में कॉन्सेंट्रिक्स और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता हुआ है। कुलपति डॉ. राज नेहरू और कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कॉन्सेंट्रिक्स के इंडिया, आसियान, एएनजेड, डिलीवरी एंड ऑपरेशंस के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट डॉ. रवींद्र सिंह राणा और इंडिया डिलीवरी एंड ऑपरेशंस कॉन्सेंट्रिक्स के ग्लोबल वाइस प्रेजिडेंट दीपक वधावन के साथ समझौता पत्र का आदान प्रदान किया।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इसे कॉन्सेंट्रिक्स की बड़ी पहल बताते हुए कहा कि कॉन्सेंट्रिक्स दुनिया भर में करियर निर्माण के लिए जानी जाती है, लेकिन इस स्कॉलरशिप से जरूरतमंद मेधावी विद्यार्थियों के सफल जीवन का निर्माण होगा। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इन विद्यार्थियों के चयन के लिए मानक बनाए जाएंगे। एक विशेष समिति एपीजे अब्दुल कलाम कॉन्सेंट्रिक्स स्कॉलरशिप के लिए विद्यार्थियों का चयन करेगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के स्किल इनोवेटर्स फाउंडेशन के माध्यम से अधिक से अधिक विद्यार्थियों की मदद का लक्ष्य रखा गया है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का प्रयास है कि विश्वविद्यालय की सरकार पर निर्भरता कम की जाए और यह स्वयं वित्तीय संसाधनों को विकसित करे। पीपीपी के माध्यम से भी विश्वविद्यालय में ढांचागत संसाधनों को सुदृढ़ करने पर काम चल रहा है। इससे विश्वविद्यालय स्वावलंबी बनेगा। कॉन्सेंट्रिक्स के इंडिया, आसियान, एएनजेड, डिलीवरी एंड ऑपरेशंस के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट डॉ. रवींद्र सिंह राणा ने कहा कि हमारा उद्देश्य उन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है, जो अपनी मेधा से राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। धन के अभाव में कोई भी मेधावी और दिव्यांग विद्यार्थी शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। डॉ. राणा ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय युवाओं को कौशल प्रदान करने का अद्भुत कार्य कर रहा है। देश को कौशल की आवश्यकता है। इसलिए लगभग एक करोड़ रुपए की एपीजे अब्दुल कलाम कॉन्सेंट्रिक्स स्कॉलरशिप श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को दी जाएगी।

कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि कॉन्सेंट्रिक्स की यह स्कॉलरशिप जरूरतमंद विद्यार्थियों के सुखद भविष्य का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि यह स्कॉलरशिप पूरे प्रोग्राम के लिए होगी, इसलिए मेधावी विद्यार्थियो को अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी। प्रोफेसर ज्योति राणा ने कॉन्सेंट्रिक्स की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि समाज के प्रति दायित्व निर्वहन की दिशा में यह शानदार कदम है।

इस दौरान श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। कॉन्सेंट्रिक्स के विशेषज्ञों ने एआई पर आधारित नवीनतम पहलुओं पर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कॉन्सेंट्रिक्स के इंडिया सीएसआर हेड हरीश भारद्वाज और इएसजी डायरेक्टर स्वाति अरोड़ा, विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ भी उपस्थित रहे।

# शेफ रणवीर बरार ने प्राप्त की पीएचडी की डिग्री

**श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने अपने हाथों से प्रदान की डिग्री**

**रणवीर बरार ने पुस्तक का विमोचन किया और विद्यार्थियों को प्रेरित किया**



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** ख्याति प्राप्त शेफ रणवीर बरार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने अपने कर कमलों से पीएचडी की डिग्री प्रदान की। उन्हें यह डिग्री भारतीय पाक कला को विश्व भर में ख्याति दिलाने और व्यंजन शैली में विशिष्टता के लिए प्रदान की गई। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा एवं अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने उन्हें सम्मानित किया। शेफ रणवीर बरार ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस मौके पर कहा कि भारत की व्यंजन कला बहुत समृद्ध है। उसके मूल स्वरूप को दुनिया भर में पहुंचना अहम उपलब्धि है। यह कार्य शेफ रणवीर बरार ने बहुत गौरवपूर्ण तरीके से किया है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इसके लिए शेफ रणवीर बरार को बधाई दी। रणवीर बरार ने इस अवसर पर अपने करियर से संबंधित कई महत्वपूर्ण अनुभव साझा किए। उन्होंने भारतीय पाक कला को तार्किक तरीके से परिभाषित कर सबको अभिभूत कर दिया। रणवीर बरार ने स्किल डिपार्टमेंट ऑफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ. सविता शर्मा की पुस्तक इवेंट प्लानिंग एंड मैनेजमेंट का विमोचन भी किया। उन्होंने होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने कार्य को जुनून के साथ करें। अपनी कार्यशैली में व्यवहारिकता लाएं। रणवीर बरार ने शेफ के तौर पर विद्यार्थियों को अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर सुरेश कुमार, प्रोफेसर ए के वात्तल, प्रोफेसर डी के गंजू, प्रोफेसर जॉय कुरियाकोजे, डॉ. श्रुति, डॉ. संजय राठौर, डॉ. हिमांशु, विशेष कार्य अधिकारी संजीव तायल और शेफ सतीश दिलावर भी उपस्थित थे।

# हर्ष कुमार ने हजारों समर्थकों सहित जेजेपी को अलविदा किया



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** जननायक जनता पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है पलवल से पूर्व मंत्री और जेजेपी के राष्ट्रीय महासचिव हर्ष कुमार ने हजारों समर्थकों सहित जेजेपी को अलविदा कर दिया और फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप का समर्थन दिया। हालांकि हर्ष कुमार ने अभी कांग्रेस में जाने की घोषणा नहीं की है। होड़ल में जजपा के महासचिव हर्ष कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की जजपा में दिग्विजय और दुष्यंत की कार्यशेली उन्हें पसंद नहीं उनसे हम जैसों का मेल नहीं खाता इसलिए उन्होंने काफी समय पहले पार्टी की गतिविधियों से दूरी बना ली थी और अब जनभावनाओं के अनुरूप फैसला लेकर ही उन्होंने फ़रीदाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन किया है।

उन्होंने कहा की कांग्रेस के वरिष्ठ व ईमानदार प्रत्याशी महेंद्र प्रताप को टिकेट देकर कांग्रेस ने अच्छा फैसला लिया है। हर्ष कुमार ने भाजपा प्रत्याशी के दस लाख वोटों से चुनाव जीतने के दावे को लेकर कहा की चुनाव नतीजों के आने से उनका वहम निकल जायेगा और उनकी बुरी तरह हार होगी। उन्होंने कहा की हमने महेंद्र प्रताप की कार्यशैली को देखकर उन्हें बिना शर्त समर्थन दिया है। वहीं हर्ष कुमार के साथ जजपा के नूंह के जिला अध्यक्ष रहे और पार्टी से चुनाव लड़ चुके इकबाल जेलदार ने भी जेजेपी पर लोगों के काम न करने के आरोप लगाकर पार्टी को अलविदा कह दिया। इस मौके पर फरीदाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के बेटे विवेक प्रताप भी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र के राष्ट्रीय मतदान पर्व में भाग लें और गर्वित मतदाता बने

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** गाँव अहरवा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पलवल की उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह के दिशा निर्देशन में अतिरिक्त उपायुक्त सह नोडल अधिकारी आदर्श आचार संहिता लोक सभा चुनाव डा. ब्रह्नजीत सिंह रांगी के सहयोग से पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज ने मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को 25 मई 2024 को होने वाले मतदान के लिए वोटर्स को जागरूक करने के लिए कहा गया। क्लब के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल और सह संयोजक



अल्पना मित्तल ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि 25 मई को होने वाले मतदान में वोट डालना प्रत्येक मतदाता का मौलिक अधिकार है। सभी मतदान प्रक्रिया में भाग लें और मतदाता होने पर गर्व महसूस करें। लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने घर में सभी व्यस्क सदस्यों, सभी पड़ोसियों, मित्रों, रिश्तेदारों और परिचितों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए जागरूक करें। चुनाव आयोग की तरफ से बुजुर्ग, दिव्यांग व्यक्ति और महिलाओं को मताधिकार के लिए विशेष व्यवस्था भी की जाती है। इस मौके पर स्कूल में प्रश्नोत्तरी व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गयी। जिसमें विजेता बच्चों खुशी, राशि, ज्योति, खुशी रानी, डॉली, सोनिया, स्नेहा, राधिका को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में स्कूल की प्रधानाचार्या डा. मोनिका गर्ग ने संस्था का धन्यवाद करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में सभी योग्य मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग अपनी मनपसंद सरकार चुनने के लिए जरूर करें। इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों बच्चों सहित अध्यापक सुशील, कान्ता देवी, कुसुम रावत, अमर चंद आदि उपस्थित थे।

# लोगों ने केक कटवाकर डीएसपी हथीन सुरेश भड़ाना का जन्मदिन मनाया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**हथीन।** क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगा सुरक्षित माहौल कायम करने एवं अच्छे कार्यों करने वाले उप पुलिस अधीक्षक हथीन श्री सुरेश भड़ाना का हथीन के व्यापारी वर्ग एवं समाजसेवी लोगों ने उनके जन्म दिन पर स्मृति चिन्ह देकर किया स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी रविंद्र सहरावत ने बताया कि



पुलिस अधिकारी के रूप में प्राथमिक कर्तव्य बल को अपने नियंत्रण में उचित रूप से प्रशिक्षित, कुशल और संतुष्ट रखना और निरंतर पर्यवेक्षण द्वारा यह सुनिश्चित करना कि पुलिस द्वारा पूर्ण अपराध की रोकथाम, जांच और सही गलत का पता लगाना यह सभी खूबियां उप पुलिस अधीक्षक, हथीन श्री सुरेश भड़ाना में मौजूद है।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को जनता और पुलिस के बीच संबंधों को ओर मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ कानून व्यवस्था को बनाए रखना जैसी अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करना पड़ता है। इसी कड़ी में उप पुलिस अधीक्षक, हथीन सुरेश भड़ाना ने अपनी जिम्मेदारी को पूरी लग्नता एवं निष्ठा से निभाते हुए हथीन क्षेत्र में कानून व्यवस्था को दुरूस्त बनाए रखने में जो साहसिक कार्य किए है, जिनकी वजह से अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगा है और अपराधिक किस्म के लोगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अपनी डयूटी के प्रति सजग एवं निष्ठा से निभाने वाले उप पुलिस अधीक्षक पुलिस विभाग के दूसरे अन्य अधिकारियों में अपनी अलग ही पहचान रखते हैं। इनकी सूझबूझ के कारण जिला में कानून व्यवस्था को जो गति मिली है, वह सहरानीय और प्रशंसनीय है। जन्मदिन मनाने के फैसले पर हथीन के सर्राफा व्यापारी नितिन सोनी ने कहा कि तमाम प्रकार कि ड्यूटी एवं विभिन्न प्रकार की परेशानियों के कारण पुलिसकर्मियों में मानसिक अवसाद एवं थकान उत्पन्न हो जाता है। जिसके कारण वे अपना कार्य बेहतर तरीके से नहीं कर पाते हैं। इस प्रकार के आयोजन से उनके मानसिक अवसाद को कम किया जा सकेगा एवं वे अपने कार्य को बेहतर तरीके से करते हुये अच्छे परिणाम दे सकेंगे। फिलहाल पुलिस का कार्य काफी चुनौतीपूर्ण एवं जोखिम भरा है, जिसके लिये पुलिसकर्मियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ ही मानसिक रूप से भी स्वस्थ एवं सतर्क रहने के लिए इस प्रकार के जन्मदिन का आयोजन कारगर सिद्ध हो सकता है। इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक सुरेश भड़ाना ने व्यापारी वर्ग एवं समाजसेवी लोगो द्वारा सम्मानित करने के उपरांत कहा कि आपसी तालमेल से ही पुलिस विभाग कानून व्यवस्था बनाए रखने में सफल रहता है। उनका ध्येय यही रहता है कि वे अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखें और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश बनाए रखें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था, भाईचारे एवं शान्ति बनाएं रखने में पुलिस विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हर समय तैयार रहते हैं और किसी भी व्यक्ति को कानून व्यवस्था से खिलवाड नहीं करने दिया जाएगा। पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी हर समय जनता का सहयोग करते रहेंगे। इस मौके पर समाजसेवी रविंद्र सहरावत, नितिन सोनी सोनू पोंडरी, चेयरमैन सुमित, संदीप जैलदार, राहुल, लोकेश, तरुण और बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

# होडल अलग-अलग मामलों में हजारों रुपए की कीमत की अवैध शराब सहित तस्कर आरोपी गिरफ्तार

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**



**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव मध्य नजर एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत दिनांक 2 मई 2024 को क्राइम ब्रांच पलवल प्रभारी उप निरीक्षक उमर मोहम्मद की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल सलीम ने थाना मुंडकटी क्षेत्र अंतर्गत औरगांबाद निवासी आरोपी को घर के बाहर शराब बेचते हुए काबू किया साथ ही उसकी रॉयल स्टेज (9 बोतल), रॉयल स्टेज अध्धा 24( 12 बोतल । पेटी, मकड़ॉल नम्बर 1-96 पव्वा (24 बोतल) 2 पेटी, मकड़ॉल नम्बर 1-24अद्धा (12 बोतल) । पेटी, टूबर्ग बियर -24 बोतल, 2 पेटी, कुल 81 बोतल (6. पेटी 9 बोतल) अंग्रेजी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की। दूसरे मामले में मुंडकटी थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार की टीम ने तुमसरा में घर के आगे कट्टा प्लास्टिक में रखकर अवैध शराब बेच रहे तस्कर को काबू किया साथ ही उसकी 84 पव्वा देशी शराब मस्ताना बरामद की।

# होडल हसनपुर पुलिस ने अवैध शराब तस्कर पकड़े

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव मध्य नजर एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इस मुहिम मै थाना हसनपुर में तैनात उप निरीक्षक रामानंद की टीम ने लिखी चौक पर नाकाबन्दी कर 52 पव्वा शराब मार्का देशी सहित तस्कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। वही एक मामले में होडल थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक शिव कुमार की टीम ने गांव भुलवाना से एक युवक को 52 पव्वा शराब देशी मार्का मस्ताना सहित काबू किया। उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।







# एनएच पर कट छोडने की मांग का लेकर ग्रामीणों का धरना जारी




समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों का प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बृहस्पतिवार को 417वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सूबेदार सुखवीर सिंह छितरोली ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली की वजह से कट का कार्य अटका पडा है। जबकि धरनारत ग्रामीण कट के निर्माण का उद्देश्य लेकर धरने पर डटे हुए हैं। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि 230 किलोमीटर लम्बा यह नैशनल हाइवे महेंद्रगढ जिले के विभिन्न गावों से होकर गुजर रहा है। केंद्रीय सडक एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ओर करीब दो वर्ष यहां पर कट देने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। कट का कार्य शुरू न होने पर ग्रामीणों में सरकार के प्रति रोष पनप रहा है। इस मौके पर नरेंद्र शास्त्री, रणधीर पहलवान, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह, लक्ष्मण सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबे सिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, मनोज, शेर सिंह, रोशन आर्य, मनीराम हाजिर थे।

# ऐतिहासिक होगी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नूँह विधानसभा की विजय संकल्प रैली : चौ. ताहिर हुसैन



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूँह में होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यालय झिर कमल नूँह में जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल की अध्यक्षता में बैठक हुई।विधानसभा प्रभारी चौधरी आज़ाद मोहम्मद, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के सुपुत्र चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट की मौजूदगी में नूँह में होने वाली विजय संकल्प रैली की तैयारियों की समीक्षा की गई और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा कि नूँह अनाज मंडी में आगामी 5 मई को होने वाली रैली के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। वरिष्ठ नेता चौधरी ताहिर हुसैन ने कहा कि 5 मई को नूँह अनाज मंडी में होने वाली विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे तथा रैली की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह करेंगे। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। किसी भी कार्यकर्ता के सम्मान में कोई कमी नहीं की जाएगी। पार्टी के लिए सभी कार्यकर्ता मेहनत से कार्य करते हैं,इसीलिए उनके सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आएगी।

विधानसभा प्रभारी आजाद मोहम्मद ने कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को रैली में आने का निमंत्रण दें। इस दौरान नूँह अनाज मंडी में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि 5 मई को नूह में होने वाली संकल्प रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। बैठक में जिला महामंत्री श्रीपाल शर्मा, शिवकुमार,जिला उपाध्यक्ष दलवीर, सुरेश बघेल जिला अध्यक्ष ओबीसी, रमेश कुमार, गंगादन, योगेश जिला पार्षद, हेमराज, मास्टर सुभाष, जतिन भुसरी, अरशद सरपंच, ज्ञानचंद, दिनेश, रती खा, मुनेश सरपंच उजीना, नदीम खान प्रदेश सोशल मीडिया, जाहिद हुसैन बाई, जैद खान, वसीम अकरम , वाजिद, वीरपाल कालियाका,ममता कौशिक, महिला अध्यक्ष गोल्डी शर्मा, सीमा पूर्व चेयरमेन नगर पालिका, गोपाल माथुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी व राव इंद्रजीत सिंह के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में है जोश : नरेंद्र पटेल



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूंह जिला भाजपा कार्यालय झिर कमल पर नूंह की अनाज मंडी में आगामी 5 मई को होने वाली हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय नायब सिंह सैनी तथा गुरुग्राम से सांसद का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी राव इंदरजीत सिंह के कार्यक्रम की तैयारियों हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक हुई . जिसमें नूंह विधानसभा के सभी भाजपा कार्यकर्त्ता और नेतागणों की जिम्मेवारियों को तय करते हुए रैली को सफल बनाने हेतु जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल के द्वारा उनकी ड्यूटी लगायी गई . इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र अनुसार ज्यादा से ज्यादा लोगों से जनसंपर्क कर उन्हें रैली में आने का न्योता देने को कहा गया . रैली को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं ने अपना अपना सहयोग देने की बात कही और इस रैली को सफल बनाने के लिए आज से ही जी जान से मेहनत करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने साथ लेकर आने के लिए वायदा किया। इस बैठक में नरेंद्र पटेल जिलाध्यक्ष भाजपा के साथ आजाद मोहम्मद विधानसभा प्रभारी, शिव कुमार आर्य जिला महामंत्री, श्रीपाल शर्मा जिला महामंत्री, रमेश मानुवास, डॉ सुरेश बघेल, योगेश तंवर, सुरेन्द्र सिंह उजीना, वीरपाल कलियाका, ताहिर हुसैन, जाहिद हुसैन चेयरमैन, डॉ सारिक हुसैन, ज्ञानचंद आर्य, जतिन बुसरी, हेमराज शर्मा, जैद मोहम्मद ममता कौशिक आदि मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक होगी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और लोकसभा प्रत्याशी राव इंदरजीत सिंह की नूंह विजय संकल्प रैली : चौधरी जाहिद हुसैन



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूह में होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यालय झिर कमल नूह में जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल की अध्यक्षता में बैठक हुई. विधानसभा प्रभारी आज़ाद मोहम्मद, भाजपा नेता चौधरी जाहिद हुसैन, सुरेंद्र पिंटू की मौजूदगी में नूह में होने वाली विजय संकल्प रैली की तैयारियों की समीक्षा की गई और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा कि नूह अनाज मंडी में आगामी 5 मई को होने वाली रैली के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी बेखुदी से निभाएंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी जाहिद हुसैन ने कहा कि 5 मई को नूह अनाज मंडी क्षेत्र में होने वाली विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे. रैली की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह करेंगे। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मानसम्मान दिया जाएगा । किसी भी कार्यकर्ता के सम्मान में कोई कमी नहीं की जाएगी। पार्टी के लिए सभी कार्यकर्ता मेहनत से कार्य करते। इसीलिए उनके सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आएंगी।

विधानसभा प्रभारी आजाद मोहम्मद ने कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को रैली में आने का निमंत्रण दें. ।इस दौरान नूह अनाज मंडी में ज्यादा से ज्यादा लोगों को भी लाएंगे. उन्होंने कहा कि 05 मई को नूह में होने वाली संकल्प रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठक में जिला महामंत्री श्रीपाल शर्मा, शिवकुमार, जिला उपाध्यक्ष दलवीर, सुरेश बघेल जिला अध्यक्ष ओबीसी, रमेश कुमार, गंगादन, योगेश जिला पार्षद, हेमराज, मास्टर सुभाष, जतिन भुसरी, अरशद सरपंच, ज्ञानचंद, दिनेश, रती खा, मुनेश सरपंच उजीना, नदीम खान प्रदेश सोशल मीडिया, ताहिर हुसैन, जैद खान, वसीम अकरम, वाजिद, वीरपाल कालियाका, ममता कौशिक, महिला अध्यक्ष गोल्डी शर्मा, सीमा पूर्व चेयरमेन नगर पालिका, गोपाल माथुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चुनाव महापर्व में मताधिकार का जरूर करें प्रयोग : देवेंद्र कुमार

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नूंह में स्वास्थ्य जागरुकता सेमीनार का आयोजन




समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडगटा के कुशल मार्गदर्शन में लोकसभा आम चुनाव-2024 महापर्व के सफल एवं शांतिपूर्वक आयोजन के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नूंह के सहयोग से आईटीआई परिसर में जागरुकता सेमीनार का आयोजन किया गया।

इस सेमीनार की अध्यक्षता आईटीआई नूंह के प्रिंसिपल सुधीर कुमार ने की। सर्वप्रथम जिला रैडक्रॉस सोसायटी नूंह के सचिव देवेंद्र कुमार ने आईटीआई नूंह के करीब 200 युवाओं को 25 मई को मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी युवाओं का कर्तव्य बनता है कि वे चुनाव में अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें, साथ ही अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें। इस चुनाव रूपी महापर्व में निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगों के मतदान को सुगमता से कराने हेतु संबंधित बीएलओ से फॉर्म 12डी लेकर उसे पूर्ण कराते हुए आगामी 3 मई तक जमा अवश्य कराएं।

इस सेमीनार में मुख्य वक्ता के तौर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने जागरूक करते हुए बताया कि रैडक्रॉस सोसायटी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती है। विश्व रैडक्रॉस सप्ताह के आयोजन की कड़ी में उन्होंने बताया कि 18 से 60 की आयु के स्वस्थ युवा जिनका वजन 45 किलो से अधिक एवं ह्यूमोग्लोबिन 12.5 ग्राम हो वह अपने जन्मदिन, बुजुर्गों की पुण्यतिथि, महापुरुषों की जयंती एवं शहीदी दिवस पर रक्तदान करते हुए अपने स्वास्थ्य को फिट रखें। साथ ही उन्होंने पौष्टिक आहार लेने, फास्ट फूड से बचने हेतु जागरूक किया ताकि किसी भी संक्रमण से बचाव किया जा सके। इस अवसर पर आईटीआई के इंस्ट्रक्टर अजीत कुमार रैडक्रॉस से नरेश डागर, राजेश कुमार, स्वयं सेवक आरिफ खान, रौनक अली आदि मौजूद रहे।

# अब गरीब बच्चे भी देश के अच्छे शिक्षण संस्थान में अपनी पढ़ाई बिना किसी तनाव के जारी रख सकेंगे



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** हरियाणा पुलिस की पहल पर पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, समाजसेवी एवं पुलिस विभाग के सहयोग से अब गरीब बच्चे भी देश के अच्छे शिक्षण संस्थान में अपनी पढाई बिना किसी तनाव के जारी रख सकेंगे। नूंह जिले के ऐसे 10 मेधावी छात्र बैंग्लोर के एक कोचिंग सेंटर में IIT व NEET की परीक्षा तैयारी के लिये आगामी 15 मई को रवाना हो रहे हैं। चयनित किये गये इन 10 छात्रों व उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है। चयनित छात्रों ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक नूंह नरेन्द्र सिंह बिजारणिया से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त कर प्रसन्नता जाहिर की। जानकारी के मुताबिक पुलिस लाईन नूंह में स्थित डीएवी पुलिस पर्बलिक स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एनजीओ संचालक मीनाक्षी सिंह के अलावा नूंह पुलिस के अधिकारियों के सहयोग से विगत 28 मार्च 2024 को 10 वी कक्षा में पढ़ने वाले 383 बच्चों का टेस्ट लिया गया था। जिसमें से 25 मेधावी छात्रों का चयन कर उनका 07 अप्रैल 2024 को पुलिस लाईन नूंह में स्थित डीएवी पुलिस पर्बलिक स्कूल में विशेषज्ञों की टीम द्वारा साक्षात्कार लिया गया । जिसमें से 10 छात्र/छात्राओं का चयन किया गया । जिसमें 2 छात्रायें भी शामिल हैं ।

जिला प्रशासन का प्रयास है कि हरियाणा के सबसे पिछडे नूंह जिले में जिन बच्चों के मातापिता आर्थिक तंगी के चलते अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा नहीं दिला पा रहे हैं, ऐसे बच्चों को अब आर्थिक तंगी के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है । खास बात यह है कि बैंग्लोर में कोचिंग लेने जा रहे ग्रामीण पृष्ठभूमि के मेधावी बच्चे किसान/मजदूर या गरीब परिवार से संबन्ध रखते हैं । अब वह शिक्षा के क्षेत्र में उडान भरने जा रहे हैं । इस कार्य को सफलता की तरफ ले जाने में अहम भूमिका नूंह पुलिस ने निभाई है लेकिन उनके इस मिशन को सफलता के मुकाम तक ले जाने में सामाजिक संस्था DonateanHour Tauru चलाने वाली मीनाक्षी सिंह के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल, खण्ड शिक्षा अधिकारी नूंह, साजिद सरपंच रेवासन, महताब अहमद नूंह, कमाल पूर्व सरपंच रौठठ, मुमताज सरपंच रौठठ, सत्तार बडका, आफताब सरपंच बाबूपुर इत्यादि गणमान्य लोगों ने इन मेधावी छात्रों की फीस भरने से लेकर अन्य खर्चों में आर्थिक मदद की है। सबसे खास बात यह है कि जिन 10 बच्चों को बैंग्लोर कोचिंग सेंटर भेजने के लिये चयन किया गया है । ये सभी जिला नूंह के सरकारी स्कूलों के छात्र हैं और ग्रामीण पृष्ठभूमि से संबंध रखते हैं । जो अब किसी निजी स्कूल के छात्रों के अलावा साधन सम्पन्न परिवार के बच्चों की तरह NEET/IIT की पढाई बिना किसी झिझक के जारी रख सकेंगे ।

**03 बच्चे पहले भी गाड चुके सफलता के झण्डे :**

पंचायत विभाग के सेवानिवृत संयुक्त निदेशक ऋषिपाल दांगी, तावडू क्षेत्र की सामाजिक संस्था की संचालक मीनाक्षी सिंह व अन्य के प्रयास से पहले भी बैंग्लोर स्थित कोचिंग सेंटर में नूंह जिले के गरीब परिवार के तीन मैधावी छात्रों को आईआईटी / नीट की कोचिंग के लिए भेजा गया था जिनमें से दो छात्रों ने जेईई मेन परीक्षा में करीब 99 फीसदी अंक हासिल कर इलाके का नाम रोशन किया हैं । इन बच्चों को बैंग्लोर में वर्ष 2022 में बैंग्लोर कोचिंग लेने के लिए भेजा गया था । उम्मीद यही की जा रही हैं इसी माह बैंग्लोर भेजे जा रहे 10 मेधावी बच्चे भी आई0आई0टी0 / नीट की कोचिंग लेकर परीक्षा में सफलता के झण्डे गाडकर मेवात जिले का नाम देशभर में रोशन करेंगे।

# शिकायत करने के उपरांत भी नही हुई झबला मोहल्ला की सफाई



**शिकायत करने के बावजूद भी,शिकायतों पर नहीं होती सुनवाई**

**झबला मोहल्ला में दम तोड़ रहा है संपूर्ण स्वच्छता अभियान**

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** संपूर्ण स्वच्छता अभियान कार्यक्रम भी प्रशासन की उदासीनता, अनदेखी, लापरवाही की वजह से वार्ड नंबर 3 के झबला मोहल्ला, नगीना में दम तोड़ता नजर आ रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों से बार बार शिकायत करने के उपरांत भी मोहल्ला की सफाई का ना होना, दुखद,गंभीर चिंता का विषय है। झबला मोहल्ला के निवासी सर्व जातिय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व समाजसेवी रजत जैन ,अशोक कंसल,हरीश शर्मा,सुनील जैन,ने बताया मोहल्ला की सफाई के लिए उपमंडल अधिकारी फिरोजपुर झिरका, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नगीना, ग्राम सचिव नगीना,आदि से शिकायत करने के उपरांत भी मोहल्ला की सफाई ना होना ,एक गंभीर विषय है।उन्होंने ने बताया की वार्ड 3 के झबला मोहल्ला नगीना का मुख्य मोहल्ला है। ये मोहल्ला कई गांवो के रास्तों को आप मे जोड़ता है। जिसकी वजह से नगीना के अलावा भी कई गांवों की जनता का आवागमन इस मार्ग से होता है। लेकिन मोहल्ला की सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से ठप्प होने की वजह से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं वही नालियों की भी लंबे समय से निकासी ना होने की वजह से गंदगी व कीचड़ के ढेर से अटी पडी है जिससे हमेशा दुर्गंध उठती रहती है । मोहल्ला के बाशिंदों के साथ राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया उच्चाधिकारियों से भी शिकायत कर कर के थक चुके हैं इसके पश्चात भी समस्या का समाधान नही हो पाया है।मोहल्ला वासी गंदगी व दुर्गंध में जीने को विवश है । मोहल्ला वासी भी अब तंग आ चुके हैं कि आखिर कौन से अधिकारी से शिकायत करें जिससे कि मोहल्ला की सफाई हो सके और जनता को इस गंदगी से निजात मिल सके। मोहल्ला वासियों की सरकार से मांग है कि मोहल्ला कि सफाई करवाई जाए। नियमित रूप से सफाई करवाने की स्थाई व्यवस्था की जाए ताकी गंदगी से छुटकारा मिल सके।

# बिना रजिस्ट्रेशन बाल गृह का संचालन गैरकानूनी : आबिद हुसैन

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी आबिद हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जो बाल गृह बिना रजिस्ट्रशन के संचालन किए जा रहे हैं, वह गैरकानूनी हैं। जन्म से 18 वर्ष की आयु के बच्चे किसी यतीमखाने/संस्था में संरक्षण एवं देखभाल के उद्देश्य से बिना रजिस्ट्रशन के रह रहे हैं, तो वह किशोर न्याय अधिनियम-2015 की धारा 41 (1) तहत गैरकानूनी हैं। उन्होंने कहा कि एक्ट के तहत यतीमखाने, संस्था का पंजीकरण अनिवार्य है। जिले में यदि कोई यतीमखाने, संस्था बिना रजिस्ट्रशन के चल रही है तो उनके विरूद्ध किशोर न्याय अधिनियम-2015 के धारा 42 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाओं का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है, जिसके लिए जिला बाल संरक्षण कार्यालय नजदीक कामकाजी महिला हॉस्टल, नंगली रोड नूंह में संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष 01267-274270 पर संपर्क करें।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# चुनाव ड्यूटी निष्ठापूर्वक निभाएं पीओ व एपीओ : एसडीएम संजीव कुमार

**पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों की ट्रेनिंग रही जारी**

**ईवीएम व वीवीपैट की बारीकियों से कराया गया अवगत**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

नूंह। तावडू के एसडीएम संजीव कुमार ने कहा कि निष्पक्ष, भयमुक्त व पारदर्शी चुनाव करवाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह तभी संभव है जब बूथ पर मौजूद प्रत्येक अधिकारी अपने कार्य का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करे। पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारी चुनाव के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार रहे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को मतदाता शपथ भी दिलाई। एसडीएम संजीव कुमार वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव की ट्रेनिंग देते हुए कहा कि चुनाव सामग्री को संभालने के बाद पीठासीन अधिकारी अपने बूथ पर जाकर सबसे पहले बूथ का निरीक्षण कर उसे तैयार करें। बूथ के अंदर किसी राजनेता की तस्वीर नहीं होनी चाहिए। कोई तस्वीर है तो उसे ढक दें या फिर कहीं और रखवा दें। मतदान केंद्र में ईवीएम मशीन का स्थान खिडक़ी से दूर होना चाहिए, जिससे कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। यह ध्यान रखे कि प्रत्येक मतदाता ईवीएम का बटन स्वयं दबाए। कोई मतदाता कुछ पूछता है तो उसका जवाब बूथ पर नियुक्त पोलिंग पार्टी के सदस्य दे सकते हैं। मतदाता के साथ कोई दूसरा आदमी ईवीएम के समीप ना जाए। इस अवसर पर सभी को ईवीएम व वीवीपैट की बारीकियों से अवगत कराया गया। एसडीएम ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि मतदान सुबह सात बजे शुरू हो जाना चाहिए। इसलिए अपनी मॉक पोल की प्रक्रिया सुबह 5.30 बजे शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक जारी रहेगी। इस समय कुछ मतदाता जो कतार में लगे हुए हैं तो लाइन में खड़े अंतिम मतदाता को पर्ची क्रमांक एक से शुरू कर पहले व्यक्ति तक पर्ची नंबर बांट दें, जिससे कि और आदमी लाइन में लगकर खड़े न हों। उन्होंने कहा कि बूथ पर जाकर प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट के फार्म पहले दिन ही भरवा लें। इसके लिए फार्म नंबर दस भरा जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी पीओ व एपीओ को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने तथा लोकतंत्र की मजबूती के लिए धर्म, जाति, समुदाय व किसी प्रलोभन के बिना मतदान करने शपथ भी दिलाई गई।

# पांच साल के बाद मिलता है मतदान का मौका, इसे व्यर्थ न गवाएं मतदाता : जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

नूंह। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को 25 मई को होने वाले लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान करना उनका अधिकार है। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वे खुद मतदान करने के साथ साथ अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। महिलाओं के वोट की कीमत पुरुषों के बराबर है, इसलिए उन्हें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अपने मत का बिना किसी डर भय के उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चयन करना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक लागू रहेगी। कहीं पर भी संहिता का उल्लंघन नजर आता है तो वह अपनी शिकायत जिला निर्वाचन कार्यालय, हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1950 तथा सी-विजिल एप पर कर सकते हैं। इसके अलावा मतदाता चुनाव आयोग की वेबसाइट व हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1950 से अपने वोट व पोलिंग बूथ के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# आपसी पारिवारिक विवाद में युवक को जहर देकर मौत के घाट उतारने का आरोप, पहाड़ों में मिला शव

**युवक ने मरने से पहले करीब 1 मिनट की वीडियो जारी कर आरोपियों के नाम बताए।**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

नूंह। फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बसईमेव में आपसी पारिवारिक विवाद में एक युवक को जहर देकर मौत के घाट उतारने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों का आरोप है कि जब युवक गुरुवार की सुबह शौच के लिए गांव के पहाड़ों की तरफ गया, उसी समय आरोपियों ने उसे जहर दे दिया। मृतक युवक सोनू ने मरने से पहले करीब 1 मिनट की वीडियो जारी कर अपने साथ हुई घटना के बारे में जानकारी दी ,जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा में रखवा दिया है। पुलिस को दी शिकायत में मनीषा पत्नी सोनू निवासी बसईमेव ने बताया कि कई महीनों से उनके परिवार के ही हुकम चंद,अनीता, हरीचंद, तुलसीराम और अशोक से उनके परिवार से लेनेदेन को लेकर विवाद चल रहा था। गत 28 अप्रैल को उक्त लोगों से उनके परिवार का झगड़ा हुआ था। उसी दौरान आरोपियों ने उनके पति को मौका मिलते ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि गुरुवार की सुबह जब उनके पति सोनू शौच के लिए गांव के पहाड़ पर गए थे। पहले से ही षड्यंत्र के तहत सोनू की ताक में बैठे आरोपियों ने पहाड़ में जाकर पहले तो सोनू के साथ मारपीट की फिर उसे जहर खिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों को सुचना मिली तो वह मौके पर पहुंचे और सोनू को फिरोजपुर झिरका के सरकार अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मरने से कुछ देर पहले मृतक की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

सोनू ने अपनी मौत से कुछ देर पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर कहा कि उसे हुकुमचंद व उसकी पत्नी अनीता और हरिचंद ने उसे अनाज में रखने वाली सेल्फांस की गोली खिलाई है। सभी आरोपी उसके पिछेपिछे आए थे। मृतक ने वीडियो में अपने आप को बचाने की गुहार भी लगाई। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी है।

# ऑटो में महिला के बैग से जेवरात व नकदी चोरी करने के मामले में तीन साल से फरार एक आरोपी गिरफ्तार



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

रेवाड़ी। बस स्टैंड चौकी पुलिस ने महिला के बैग से जेवरात व नकदी चोरी करने मामले में तीन साल से फरार एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला हापुड के गांव हैदरनगर निवासी अमित उर्फ़ मितु के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपी पति-पत्नी को पहले ही गिरफ्तार करके आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए जेवरात व नकदी बरामद कर लिए थे। जांचकर्ता ने बताया कि मोहल्ला रामगली रेवाड़ी निवासी उषा अग्रवाल ने अपनी शिकायत में बताया था कि 10 जुलाई 2021 को दोपहर लगभग 12 बजे उसने बस स्टैण्ड जाने के लिए एक आटो बुलाया था। उसने बस स्टैंड पहुंचकर बाहर सड़क पर ऑटो वाले को फल लाने के लिए कहा और बैग से 200 रुपये निकालकर ऑटो वाले को दिए थे। उसके बैग में एक सोने की बडी चैन, लॉकिट, एक सेट कानों के झुमके, तीन सोने की अंगूठी व 15000 रुपये नकद थे। ऑटो में चार आदमी एवं जिसमें एक 17-18 साल का बच्चा था और एक औरत भी थी। पीड़ित महिला बस स्टैण्ड के बाहर से ही बस पकड़कर गुरुग्राम चली गई थी। गुरुग्राम पहुंच कर जब उसने अपना बैग चैक किया तो उसमे जेवरात एवं नकदी नहीं थे। जिस पर पुलिस ने थाना शहर रेवाड़ी में चोरी का मामला दर्ज करके इस मामले में दो आरोपी ताराचंद व उसकी पत्नी फरमीन उर्फ हसीना को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए जेवरात व नकदी बरामद कर लिए थे। इस मामले में पुलिस ने वीरवार को एक और आरोपी अमित उर्फ़ मितु को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कांग्रेस नेता रमेश ठेकेदार बावल बने प्रदेश महासचिव



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

रेवाड़ी। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग की ओर से बीते दिवस प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। जिसमें कांग्रेस नेता रमेश ठेकेदार बावल को अनुसूचित जाति विभाग हरियाणा का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। रमेश ठेकेदार ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौ. उदयभान, पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, चौ. दीपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष मनोज बागड़ी का आभार जताया। इस मौके पर रमेश ठेकेदार बावल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वह उसका ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए पार्टी को मजबूत करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज चहुं ओर कांग्रेस पार्टी की आंधी चल पड़ी है। कांग्रेस पार्टी के पक्ष में बने माहौल से केंद्र और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। वहीं उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते समाज का हर वर्ग दुखी है। जहां एक ओर भाजपा उम्मीदवारों का उनके लोकसभा क्षेत्र में विरोध हो रहा है तो वहीं जनता ने इस बार भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना लिया है।

# तोड़फोड़ करने व हवाई फायर करने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने तोड़फोड़ करने व हवाई फायर करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जांचकर्ता ने बताया की दिनांक 12.04.24 को गांव माण्डैया खुर्द निवासी आर्शिवाद ने अपनी शिकायत में बताया की वह अपने निजी काम से खेत में गया था, उसी समय 5/6 लडके दो गाडियों में आए और बेरली रोड पर उसके ऑफिस पर उसे पूछते हुए ऑफिस के शीशे व कुर्सिया तोड़ने लग गए। आरोपी उसके ऑफिस में तोड़फोड़ व हवाई फायर करने बाद उसके परिवार वालो को धमकी देकर मौके से फरार हो गए। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सदर रेवाड़ी में मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जो जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को मामले में चार आरोपी नवीन, धीरज उर्फ़ दुधिया, आशीष उर्फ़ कल्लु व इन्द्रजीत उर्फ़ भूरिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।







